- → फतेहपुर सीकरी विश्व धरोहर में शामिल प्रसिद्ध पर्यटक स्थल जहां प्रसिद्ध बुलंददरवाजा, शेख सलीम चिश्ती की दरगाह अवस्थित है।

Firozabad :- चूड़ियों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध, वर्तमान में प्रदूषण की समस्या से ग्रसित।

Dadri :- NTPC द्वारा स्थापित Thermal plant एवं Reliance द्वारा स्थापित किया जा रहा गैस आधारित Power plant

Kannauj :- गंगा तट पर अवस्थित प्रमुख इत्र उत्पादक नगर, अगरबत्ती, सूती वस्त्र एवं कालीन का भी उत्पादन।

Kanpur :- गंगा तट पर अवस्थित UP का सबसे बड़ा औद्योगिक नगर इसे Manchester of North India, Plastic city के नाम से मशहूर, भारी एवं लघु मशीनरी उद्योग, चमड़े से निर्मित वस्तुएं।

Lucknow :- गोमती तट पर अवस्थित महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक, औद्योगिक नगर। प्रसिद्ध इमाम बाड़ा, नबाबो का शहर, Central drug Research Institute, एशिया का प्रथम DNA Bank.

Faizabad & Ayodhya :- दोनो एक Twin city है। पौराणिक राम की जन्मस्थली। सूती वस्त्र एवं लघु मशीनरी उद्योग

Gorakhpur :- रेवती / राप्ती नदी तट पर अवस्थित भारत के प्राचीन नगरों में से एक महत्त्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर जहां प्रसिद्ध गोरखनाथ का मंदिर, उ.प्र. रेलवे का मुख्यालय, चीनी, Furniture व Timber का उत्पादक, UP का सबसे अधिक वर्षा वाला जिला।

Jaunpur :- गोमती नदी तट पर, ऐतिहासिक, अटाला मस्जिद, ~~सेह~~ हुसैन शाह शर्की का मकबरा

Varanasi :- गंगा नदी तट पर प्रसिद्ध धार्मिक नगर, प्राचीन नाम काशी, विश्वनाथ का मंदिर। इसके समीप सारनाथ

Allahabad :- गंगा, यमुना, सरस्वती नदी तट पर अवस्थित, ऐतिहासिक, धार्मिक, शैक्षिक नगर, महाकुंभ

Sonbhadra :- कैमूर Range पर अवस्थित महत्त्वपूर्ण cement उत्पादक जहां के Renukoot नामक स्थान पर HALCO अवस्थित है। इसके लिए ऊर्जा की प्राप्ति रिहन्द परियोजना से होती है।

Jhansi :- प्रसिद्ध सैन्य छावनी, सूती वस्त्र, कालीन एवं रासायनिक उर्वरक का उत्पादक

Jha..
muri



Bihar



• Erosional surface (अपरदन सतहें)
• Channel morphology (जलमार्ग आकृतिकी)

i) Peniplane :- संप्राय मैदान Devis के सामान्य अपरदन चक्र की अंत्यावस्था है। रुस्ट्रालर ने Peniplane शब्द की व्याख्या Penultimate Plain के रूप में की है। अर्थात यह द्वितीय अपरदन चक्र अथवा पर्वत के पुनरुत्थान एवं नवीन अपरदन चक्र के प्रारंभ की पूर्व दशा में है। इसमें एक निम्न उच्चावचीय दशाओं से युक्त भू-दृश्य प्राप्त होता है।

संप्राय मैदान एक आदर्शवादी भू दृश्य की अपरदित अवस्था है जिसमें पर्वतीय भाग गोलीय संरचना से युक्त monadnocks के रूप में वृहद U आकार की घाटियों के साथ प्राप्त होते हैं अतः यह तरंगित मैदान के रूप में प्राप्त होता है एवं इसकी परिच्छेदिका अवतलोत्तल होती है।

यह आर्द्र जलवायु, नदीय अपरदन चक्र, समशीतोष्ण कटिबंधीय दशा का उत्पाद्य है जहां नदियों के आयतन, अवसाद की मात्रा एवं विसंगतियां (Entropy) अधिकतम किन्तु ऊर्जा न्यूनतम प्राप्त होती है।

संप्राय मैदान की उत्पत्ति ढाल पतन एवं अधः क्षय की प्रक्रिया से संबंधित है। Peniplane का भूदृश्य एक निश्चित भू-आकृतिक प्रदेश का परिचायक होता है जिसमें नदियों का विसर्पण, वितरिकाओं में वितरण, गोखुर झील का निर्माण महत्त्वपूर्ण दशा है।

Peniplain में अपरदनात्मक एवं निक्षेपात्मक दोनों ही क्रियाविधियां प्राप्त होती है। एवं Peniplain में ढाल का स्वरूप अवतल (concave), जो पार्श्व अपरदन का परिणाम है प्राप्त होता है।

Periplain का प्रकार :

i> Initial Periplain :- यह पर्वतीय भाग में निर्मित होता है तथा मध्य घाटियों में अथवा पर्वतपादीय प्रदेशों में इसकी संरचना बनती है। Ex- हरिद्वार प्लेन, देहरादून प्लेन

ii> Composite Periplain (संयुक्त) :- जब दो अथवा अधिक आरंभिक Periplain आपस में युग्मित हो तो उसे composite periplain कहते हैं।
Ex- शिवालिक हिमालय के पास पंजाब से उत्तराखण्ड तक।

iii> Uplifted (उत्थित) Periplain :-- छोटा नागपुर का पठार उत्थित पेनीप्लेन का प्रकार है। इस प्रकार के भूदृश्य पर Nick point जैसे दृश्य होते हैं एवं नदियाँ गहराई से घाटी में अपरदन भी करती हैं

iv> Exumed (अनावरित) Periplain):- प्राचीनतम Periplain जो अवसादों से ढके होते हैं अनाच्छादन के कारण पुनः दृश्य हो जाते हैं।
Ex- बुंदेलखण्ड

Pedeplain :- → King के अपरदन चक्र का अंतिम उत्पाद्य
→ सवाना अपरदन चक्र अथवा शुष्क - अर्धशुष्क अपरदन चक्र का अंतिम उत्पाद्य
→ इसकी संरचना अपरदनात्मक व निक्षेपात्मक दोनो है।
→ Ped + Plain ⇒ Ped (मृदा / अपक्षयित व अपरदित भूउच्चभाग
Plain - समतल

→ इसकी मुख्य विशेषताये - Pedeplain - अपरदनात्मक चबूतरा है
Bajada - निक्षेपात्मक पंकनुमा संरचना

→ Nopes / Debris Rock - ...

→ Playa lake :- जो मौसमी नदियों के अवशिष्ट रूप है।

Pedeplain निर्माण की प्रक्रिया :-

Pediplanation = Pedimentation + Parallel retreat

Pedimentation = Sheet Erosion + cavitation

Pedeplain 2/3rd भागों में प्राप्त होता है तथा Peneplain जैसे आदर्शवादी संकल्पना को प्रतिस्थापित करता है अथवा वैकल्पिक है।

पेरिच्छेदिका - सीढ़ीनुमा

ढाल - अवतल

बनने की क्रियाविधि - पश्च क्षय

भू द्रव्यमान संचलन - मृदा सर्पण etc.

Pan Plain :- Panplaination cycle (पैनप्लेनीकरण) crickmay की संकल्पना है। यह Davis के अपरदन चक्र का वैकल्पिक उपागम न होकर पूरक model है।

Panplain अपरदन चक्र के Late maturity (उत्तर प्रौढ़ावस्था) में विकसित होता है तथा जीर्णावस्था में यह पूर्ण रूपेण प्राप्त होता है। crickmay ने Davis के अपरदन प्रक्रियाओं के तीनों अवस्थाओं को स्वीकृत किया है परन्तु अपरदनात्मक क्रियाओं के प्रभाव को Davis से पृथक देखते है। Panplaination की प्रक्रिया में आवश्यक शर्त है कि लंबवत अपरदन की परिसमाप्ति तथा पार्श्व अपरदन की आधिकता अर्थात Pan plain पार्श्व अपरदन का उत्पाद्य है।

Panplain की दशा में नदियों का आयतन अवसाद की मात्रा में गुणात्मक वृद्धि होती है तथा नदियों का जल तटबंधों को तोड़कर पार्श्व अपरदन के द्वारा flood plain का निर्माण करती है। जिससे अपरदन सतहें नदी मार्ग के दोनों

तरफ विकसित होते है। पर्वत पादीय प्रदेशों में क्षैतिज अपरदन से भृगु (cliff) का निर्माण होता है तथा यह भृगु कहीं खत्म नहीं हो सकता बल्कि पश्च गमन अर्थात पीछे की तरफ लौटता है जिससे Panplain का विस्तार होता है।

जीर्णावस्था में नदियों के विसर्पण आयतन एवं अवसादों की अधिकता Pan plaination की प्रक्रिया को बढाती है तथा प्रारंभिक Panplain आपस में जुडकर विशाल Panplain का निर्माण करते है। Pereplain में monadnock प्राप्त होता है जबकि Panplain में भृगु

Ex - मिसिसिपी, मिसौरी का मैदान है।



Panplain

Etch plain :- उष्ण कटिबंधीय देशाओं में इसका निर्माण होता है। एवं यह chemical erosion (रासायनिक अपक्षय) की प्रक्रिया से बनते है। आंतरिक चट्टानों के रासायनिक अपरदन से ऊपरी चट्टाने ढीली होकर अवशिष्ट पदार्थों के रूप में व्याप्त होते है। Laterite निर्माण की प्रक्रिया Etch plain का सुन्दर उदाहरण है। यह plain निम्न पठारी भागो, पर्वतपदीय प्रदेशों एवं मंद ढाल पर विकसित होता है।

Scree Plain :- वायु के निक्षेपण अथवा हिमनद के निक्षेपण [illegible]
अपरदन सतहें |

अनावरित सतहें :- यदि ऊपरी अवसादी भाग अनाच्छादन प्रक्रमों से अनावरित हो तथा आंतरिक चट्टानी संरचना जो Pre cambrian काल की प्राप्त हैं अनावृत / दृश्य हो |

जलमार्ग आकृतिकी
Channel Morphology (CM)

नदी जलमार्ग से तात्पर्य है वह विज्ञान की शाखा जिसके अंतर्गत नदी जलमार्ग के ज्यामितीय (Channel geometry) एवं Hydraulic geometry (जलीय ज्यामिती) तथा channel के प्रकार एवं प्रतिरूप एवं संबंधित स्थलाकृतियों का अध्ययन किया जाता है।

इस प्रकार channel morphology के 5 अंतर्निहित विषय है -

i) <u>channel geometry</u> :- इसके अंतर्गत नदी जलमार्ग के अनुदैर्ध्य एवं अनुप्रस्थ परिच्छेदिका का अध्ययन किया जाता है।

a) <u>अनुदैर्ध्य परिच्छेदिका</u> :- यह नदी जलमार्ग के लंबवत परिच्छेदिका को दर्शाता है। तथा इसके अंतर्गत channel length (CL), Valley length (VL), नदी जलमार्ग की व्यावक्रीयता (Sinosity) etc का अध्ययन किया जाता है।

- <u>Channel length</u> :- घाटी / जलमार्गों के बाह्य दीवार से लिये गये मध्य बिंदुओं को जोडने वाली रेखा channel length कहलाती है।



- Valley length :- नदी के उत्पत्ति बिन्दु से विसर्जन बिन्दु तक की सीधी सरल रेखा

- व्यावक्रीयता :- नदी जल मार्ग में विसर्पण अथवा अपने क्षैतिज प्रवाह अक्ष से मार्ग में deviation (विचलन)

CL = XY

VL = MN

$$SI = \frac{CL}{VL} = \frac{1}{1}$$

If SI = 1 ⇒ straight channel

SI > 1 ⇒ ज्यावक्रीयता

ज्यावक्रीयता के प्रकार :

a) Straight channel :- S.I. < 1.05

b) Sinuous channel :- SI = 1.05 to 1.5

c) Meander :- SI = 1.5 to 1.8

d) Loop channel :- SI > 1.8



<u>Thalweg</u> :- नदी जलमार्ग में गहनतम बिंदुओं को जोड़ने वाली काल्पनिक रेखा Thalweg कहलाती है। इसके आधार पर राष्ट्र की सीमा भी निर्धारित किये जाते हैं।

ii) Volumetric / Hydraulic Geometry :- इसके अंतर्गत channel के आयतन, ~~वेग~~ वेग, अवसाद की मात्रा, परिवहन क्षमता, अपरदनात्मक एवं निक्षेपात्मक क्रियाओं का आंकलन किया जाता है।

Gilbert 6 power law (गिलबर्ट षठघातांकी नियम) :- यदि नदीय जल के आयतन में 2 गुना वृद्धि की जाये तब अवसाद परिवहन क्षमता में 2^6 गुना वृद्धि होती है।

* यदि नदि के वेग में 2 गुना परिवर्तन किया जाये तब अपरदनात्मक क्षमता 2^2 गुनी बढ़ जाती है।

* यदि ढाल में $1°$ का परिवर्तन किया जाये तब नदी का वेग 2^1 गुना हो जाता है।

** iii) Channel type & Pattern :- Channel मुख्यत: 2 प्रकार के होते हैं

Bed Rock channel (आधारशिला)	Alluvial channel (जलोढ़)
1) पर्वतीय प्रदेशों में जहां उच्च ढाल होते हैं तथा नदियों का प्रवाह तीव्र	1) मैदानी भागों में जहां नदियों का ढाल मंद परन्तु आयतन व अवसादों की मात्रा अधिक
2) भ्रंश घाटियों में भी विकसित हो सकते हैं Ex - नर्मदा, ताप्ती	2) U आकार की घाटियों में प्राप्त होते हैं जहां पार्श्व अपरदन मुख्य क्रिया है।
3) Channel के आधार तल कठोर एवं नग्न चट्टानों से निर्मित होते हैं तथा अवसादी सतह लगभग absent.	3) नदी का आधार तल जलोढ़, cobate से आवरित रहता है।
4) Straight channel होते हैं।	4) विसर्पित channel होते
5) युवावस्था के परिचायक।	5) प्रौढ़ावस्था से जीर्णावस्था
6) आधारतल पर अपरदनात्मक स्थलाकृतियाँ बनती हैं। Ex - अवनमन कुण्ड (Plunge Pool), Pot Hole, Nick point.	6) निक्षेपात्मक स्थलाकृतियाँ दृश्य होती हैं। Ex - Shoal, Point bar, etc.
7) जलोढ़ गोलाश्म एवं बजरी के रूप में प्राप्त	7) Sand, silt, clay होते हैं।

चैनल के प्रारूप (Pattern) :-

a) Straight channel : यदि SI < 1.05 । ये सरल रेखीय जलमार्ग मुख्यतः उच्च ढाल, भ्रंश घाटी, युवावस्था में उत्पन्न होते हैं। यदि channel अपरदनात्मक क्रियाओं से युक्त एवं वेगमयी हो तो straight channel होता है। Bed rock channel straight channel होते हैं।

b) Sinuous (ज्यावक्रीय) channel :- SI = 1.05 to 1.5 । यह channel मुख्यतः प्रौढ़ावस्था में विकसित होती है जब नदियाँ समतल मैदान में प्रवेश करती हैं एवं आयतन तथा अवसाद में वृद्धि । ढाल एवं वेग में ह्रास देखे जाते हैं।
Ex - Son नदी, मिसिसिपी

c) Meander (विसर्पित) channel :- SI = 1.5 to 1.8 । विसर्पण के प्रमुख कारक -

i) Volume में वृद्धि
ii) ढाल अत्यंत समतल
iii) अवसाद की मात्रा में उत्तरोत्तर वृद्धि
iv) नदी के विसर्पण के लिए नदी मार्ग में अवरोधकों का प्राप्त होना
v) नदी का अपने मुहाने पर ही अवसादों का त्याग अथवा अपने मार्ग के अंदर ही निक्षेप।
vi) Surface Tension of water (जल का पृष्ठीय तनाव)

d) Loop channel :- यदि SI > 1.8 । यह channel विसर्पण की अतिशयता है।

e) गुम्फित धारा (Braided channel) :- Delta प्रदेश में नदियाँ अतिशय जमाव के कारण वितरिकाओं में विघटित हो जाती हैं जिससे Braided channel का निर्माण होता है। यह पुनः दो प्रकार की होती है



i) <u>Anastomosing</u> : यदि वितरिकायें बालू सेधिकाओं का अपरदन करे, मार्ग में परिवर्तन करे तथा समुद्र में विसर्जन के पूर्व पुनः संयुक्त धारा बने।

Ex - मेघना (गंगा + ब्रह्मपुत्र + मेघना)

ii) <u>Anabranching</u> :- वितरिकायें स्वतंत्र रूप से समुद्र में विसर्जन करती हैं।

- Channel Bed Topography (नदी जलमार्गी स्थलाकृति)
- Isostacy (समस्थैतिकी)
- Geosyncline (भू-सन्नति)

Channel bed Topography :- जलमार्गी स्थलाकृतियों को दो वर्गों में रखा जाता है :

1) Bed rock channel से संबंधित :- यह मूलतः अपरदनात्मक क्रियाओं के उत्पाद होते हैं।

i) Nick point
ii) Pot hole
iii) Plunge pool





2) Alluvial channel से संबंधित :- मुख्यतः Pool & riffle topography का विकास होता है।

Pool	Riffle
1> अपरदनात्मक	1> निक्षेपात्मक
2) अवसाद महीन कण के रुप में	2) मोटे कण / Lobel
3) अवतल परिच्छेदिका	3> उत्तल परिच्छेदिका
4) Meander के concave भाग पर विकसित होते है।	4) Pool के आगे निक्षेपित होकर विकसित होते हैं।
5) नदी का वेग तीव्र	5) नदी का वेग मंद क्योंकि घर्षण उत्पन्न होता है।
6> नदी की गहराई अधिकतम	6) यहां नदियाँ shallow होती है।
7). जल गर्तिकाओं का विकास / भंवर	7) बहते जल का overturning / घूर्णियों का निर्माण

Keller's Model

मूलभूत अवधारणा :- 1) नदियों में विसर्पण ढाल के समतल होने एवं आयतन व अवसाद में वृद्धि के कारण होता है।

2) विसर्प के concave भाग पर अपरदन एवं उत्तल भाग पर निक्षेपात्मक क्रियायें होती हैं।

3> नदियों में विसर्पण अथवा व्यावक्रीयता में वृद्धि होने से Pool एवं Riffle Topography का विकास होता है तथा दोनों में समानुपाती संबंध है।

Stage - 1 :- नदीय जलमार्ग सरल रेखीय होता है अर्थात विसर्प का अभाव। किनारों पर अवसादो के जमाव से shoal बनते हैं।

Pool, Riffle का विकास नहीं होता।

Stage - 2 नदियों में व्यावक्रीयता का विकास होता है जिससे विसर्प के अवतल भाग पर Pool अपरदन के कारण एवं Pool से आगे Riffle निक्षेपण के कारण विकसित होता है। Shoal के कटाव के कारण point bar का निर्माण होता है।

Meandering channel का विकास, Pool एवं Riffle बेहतर विकसित होते है। Point bar अपरदित हो जाता है। Pool Riffle के मध्य की दूरी नदी के चौडाई के 3-5 गुणा होती है। विसर्प के उत्तल भाग पर जमाव होने से Slip off zone का निर्माण होता है।

Stage-4 :- जलमार्ग मे विसर्प का पूर्ण विकास एवं Riffle pool की परिपक्वावस्था। इनके मध्य की दूरी घाटी की चौडाई के 5-7 गुना।

Stage:5 :- विसर्प का Loop channel में परिवर्तन जिसमे पूर्व अवस्थित Riffle pool के मध्य अन्य Riffle pool के अनुक्रम का विकास हो जाता है तथा उनके मध्य की दूरी घाटी की चौडाई के मात्र 3 गुना शेष रहती है। इसके पश्चात channel के पुनः straight होने से गोखुर झील का निर्माण एवं Pool & Riffle स्थलाकृतियों का विनाश हो जाता है।



~~Isostasy~~ **Geosyncline (भू-सन्नति)** :- भूसन्नति की परिकल्पना सर्वप्रथम Dana एवं Hall ने प्रस्तुत की जो पर्वतीय चट्टानों के जीवाश्म संबंधी अध्ययन पर्वतीय संलग्न एवं उनके आकृतिकी पर आधारित था। भूसन्नति से तात्पर्य उस लंबवत परिच्छेदिका युक्त उथले एवं गतिशील जल से व्याप्त अवसादीकरण एवं पर्वतनिर्माण की प्रक्रियाओं से युक्त crust में प्राप्त द्रोणीय संरचना से है जो विसर्पित एवं वैश्विक विस्तार से युक्त है।

भूसन्नति की विशेषता :- i) Crust में अवनतीय दशायें होती हैं।

ii) लंबवत परिच्छेदिका अधिक

iii) ज्यावक्रीयता

iv) छिछला जल

v) गतिशील जल

vi) विवर्तनिक शक्तियों से युक्त

vii) Basin (द्रोणी) में अवसादीकरण

viii) द्रोणी में अवतलन जो अवसादीकरण के समतुल्य होता है।

ix) पर्वतनिर्माण प्रक्रिया।

x) वैश्विक विस्तार

Haug ने मुख्यतः 4 भूसन्नतियाँ ~~बताय~~ बतलाईं

a) रॉकीज भूसन्नति

b) परिप्रशांत भूसन्नति

c) यूराल भूसन्नति

d) टेथिस भूसन्नति

इन भूसन्नतियों को Pre cambrian के shield के चारों तरफ विकसित माना। Plate tectonic theory के पश्चात भूसन्नति की संकल्पना पर्वत निर्माण की अवस्था के रूप में सीमित मानी गई है तथा भू-सन्नतियों की उत्पत्ति प्लेटों के

क्षेपित किनारों के पास में उत्पन्न गर्त में अवसादीकरण का परिणाम बतलाया गया है। अर्थात भूसन्नतियाँ पर्वत निर्माण के अवस्था तो है परन्तु कारक एवं शक्ति तथा क्रियाविधि नही।



भूसन्नति संबंधित पूर्व के सिद्धान्तो में Kober का सिद्धान्त पर्वत निर्माण संकल्पना सर्वप्रमुख है। इन्होंने 5 अवस्थायें बतलायी है:

i) भूसन्नतीय अवस्था: इस अवस्था में अवसादीकरण होता है तथा द्रोणी में अवतलन अवसादीकरण की दर का समतुल्य है।

ii) Lithogenesis (शैल निर्माण अवस्था):- द्रोणी में अवसादों के अध्यारोपित भार बढने से शैल निर्माण की प्रक्रिया होती है। जिससे अवसाद लचीले (प्रत्यास्थ) एवं compressed (संपीडित) बनते है।

iii) Tectogenesis (विवर्तनिक शक्तियों की उत्पत्ति):- द्रोणी में अवतलन से Foreland एक दूसरे के नजदीक आते है क्योंकि अवतलन से क्षैतिज संपीडनात्मक बल उत्पन्न होते है।



iv) पर्वत निर्माण की दशा

– विवर्तनिक शक्तियों के कारण अवसादों में उत्थान से वलित पर्वतों का निर्माण होता है।

v) Glyptogenesis :- बहिर्जात शक्तियों के कारण पर्वतों का अपरदन एवं पुनः तरंगित मैदान की प्राप्ति।

– प्लेट विवर्तनिक सिद्धांत Kober के मत को स्वीकृत करता है तथा मुख्यतः 3 प्रकार के भूसन्नतियों की परिकल्पना करता है।

a) Myogeosyncline :- यह महाद्वीपीय प्लेट के किनारों पर विकसित होता है जिसमें महाद्वीपीय अवसाद प्राप्त होते है जिन्हें Molase कहा जाता है। पूर्व में भूकंप एवं ज्वालामुखी से मुक्त होता है।

b) Eugeosyncline :- यह भूसन्नति महासागरीय प्लेट के किनारे पर निर्मित होता है। तथा इसमें समुद्री अवसाद मूलतः Flysche प्राप्त होता है।

इसमें भूकंपीय व ज्वालामुखी क्रियायें सक्रिय होती हैं

Orthogeosyncline : यह myogeo व Euogeo का संयुक्त रूप है जो वैश्विक स्तर पर फैला होता है।

भूसन्नति की संरचना :-



Isostacy ... है। Isostasia का अर्थ है In Equipoise

सर्वप्रथम Alfred Bouger ने पर्वतों के कम घनत्व एवं मैदानी भागों से संतुलन को इंगित किया। ~~Dutt~~ Dutton ने 1859 में 'जड सिद्धान्त' के द्वारा समस्थैतिकी का विचार स्पष्ट किया है। समस्थैतिकी का अर्थ है भूपृष्ठ के उच्चावचीय दशाओं का यांत्रिकीय साम्यावस्था अथवा Static balance (स्थैतिक संतुलन) जो उच्च पर्वतीय भागों एवं निम्न घाटियों के मध्य व्याप्त है।

परिभाषत: समस्थैतिकी पर्वत एवं घाटियों के मध्य व्याप्त भू संतुलन की दशा है जो घूर्णित पृथ्वी पर कायम है अथवा वह प्रक्रिया है जो अंतर्जात - बहिर्जात शक्तियों के विभिन्न दरों से कार्य करने पर भी crust के संतुलन को कायम रखता है।

"भूसंतुलन वास्तव में गुरुत्व बल एवं उत्प्लावन बल का परिणामी प्रतिफल है जो crust के उच्चावचीय दशाओं में परिवर्तनशीलता के बावजूद समस्थैतिकी को कायम रखता है।"

Airy की संकल्पना :- i) सियाल - सीमा के ऊपर उत्प्लावित है। क्योंकि SIAl का घनत्व सीमा से कम है।

ii) Sima, SIAl पर उत्प्लावन बल लगाता है जो गुरुत्व के विरुद्ध कार्य करता है।

iii) Law of floatation : SIAl, Sima पर तैर रहा है। Archemedies Principal के अनुसार वह अपने कुल भार के बराबर मात्रा के Sima के मैग्मा का विस्थापन करता है।

iv) एक समान घनत्व परन्तु विभिन्न गहराई अर्थात् crust के (Height) विभिन्न प्रकोष्ठ पर्वत, पठार, मैदान का घनत्व एक समान है परन्तु अपनी लंबाई के अनुसार अलग-2 गहराई को प्राप्त करते हैं।

v) जिस प्रकोष्ठ का लंबाई अधिक होगा वह अधिक गहराई को प्राप्त करेगा।

vi) crust के जिस भाग पर जमाव होता है वहां crust में अवतलन gravity का परिणाम है जिससे mantal के अंतस्थ में magma का प्रवाह बनता है जो crust के उस भाग की ओर प्रेरित होगा जहां से भू-द्रव्यमान विस्थापित होते है।

Airy ने एक प्रयोग के द्वारा इसे सिद्ध किया। जल से भरे बर्तन में लकड़ी के विभिन्न लंबाई के टुकड़ो को विसर्जित किया। ये टुकड़े अलग-2 गहराई को प्राप्त कर रहे थे। परन्तु इनके लंबाई में अंतर व घनत्व एक समान था। इस प्रकार भूपर्पटी पर समस्थैतिकी 4 कारणों से व्याप्त है.



i) Root formation
ii) गुरुत्वीय अवतलन
iii) अन्तस्थ में magma का अंतःप्रवाह
iv) उत्प्लावन शक्ति / बल

इस प्रकार भू संतुलन की दशा समस्थैतिकी शक्तियों पर आधारित है जो gravity एवं Buoyancy का प्रतिफलन है।

Prat's Theory :-

Postulate-1 Prat ने समस्थैतिकी को उत्प्लावन बल एवं तैराव सिद्धान्त को अस्वीकृत कर विश्लेषित करने का प्रयास किया। अतः यह Airy का वैकल्पिक model है।

a) SIAL; sima के ऊपर उत्प्लावित नहीं है बल्कि स्थिर है। तथा अपने भार के अनुरूप गहराई को प्राप्त करता है।

b) sima के पदार्थ molecular resistance के द्वारा SIAl को ऊपर रखते हैं (Keep aloft)

c) Uniform depth with varying density (एकसमान गहराई परन्तु घनत्व में अंतर) अर्थात महाद्वीपीय प्रकोष्ठों के घनत्व अलग-2 होते हैं किन्तु उनका कुल भार अधःतल पर एकसमान होता है। अतः इनके जड़ का विकास न होकर एक क्षैतिज तल की प्राप्ति होगी जहां अंतस्थ का molecular resistance ऊपरस्थ भार अथवा द्रव्यमान के समतुल्य होगा इस काल्पनिक क्षैतिज तल को Line of compensation कहते हैं। (क्षतिपूर्ति रेखा)

d) Greater the column lesser the density.
महाद्वीपीय प्रकोष्ठ की लंबाई जितनी अधिक होगी उतना ही घनत्व कम होता है अर्थात पर्वतों का घनत्व पठारों की तुलना में कम होगा)

e) सभी प्रकोष्ठ (पर्वत, पठार, मैदान) के घनत्व में तो अंतर है परंतु इनके द्वारा उत्पन्न क्षतिपूर्ति रेखा के पास का कुल भार अथवा द्रव्यमान एक समान होता है। घनत्व के अंतर के कारण ही इनके लंबाई में अंतर दृश्य है।

Prat ने इसे एक प्रयोग के द्वारा सिद्ध किया। Hg से भरे बर्तन में एक ही भार के विभिन्न धातुओं के टुकड़ों को निमज्जित किया जिनकी लंबाई पृथक थी क्योंकि घनत्व का अंतर था परन्तु ये सभी टुकड़े एक ही गहराई को प्राप्त

[illegible] गहराइ रखा का Line of compensation कहा गया अतः भूसंतुलन की दशा उत्प्लावन शक्ति से आपेक्ष नहीं है बल्कि Line of compensation से है जहाँ अंतस्थ की प्रतिरोधिता ऊपरस्थ भाग के बराबर

Al < Fe < Ni

ρ का क्रम



- Heiskenan
- global isostatic adjustment (वैश्विक भूसंतुलन)
- Plate tectonics & Isostacy
- अनुप्रयुक्त भू आकृति विज्ञान
- भूजल विज्ञान
- आर्थिक भू विज्ञान
- Origin & Evolution of Earth crust.

Airy के दोष :- ① सियाल - सीमा की संकल्पना को असिद्ध माना जाता है। जबकि स्थलमण्डल दुर्बलतामण्डल पर उत्प्लावित है।

② Airy ने तैराव सिद्धान्त का प्रयोग किया जिसमें 1:9 का अनुपात प्राप्त होता है।

③ यदि हिमालय के जड़ विकसित होंगे तब वह 80 km की गहराई प्राप्त करेगा। इस गहराई पर T इतना अधिक होगा कि SiAlic द्रव्यमान पिघल जायेंगे।

③ स्थलमण्डल एक दृढ़ एवं कठोर चट्टानों से निर्मित भाग / इकाई है। इसके ऊपर निक्षेपण अथवा अपरदन से Mechanical balance पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

④ प्लेट विवर्तनिक ने समस्थैतिकी को अंतराप्लेट भागों पर अस्वीकृत किया है और प्लेट की ~~अपसारी~~ सीमाओं के पास संभावित माना है। अपसारी सीमाओं के पास प्लेटों का निर्माण हो रहा है अर्थात भूपदार्थों का योग है।

अतः यहाँ ~~इसका~~ अवतलन होता है जबकि अभिसारी सीमाओं के पास प्लेटो का विनाश होता है अतः वहा भू पदार्थ का ह्रास है। अतः उत्थान होगा। अर्थात समस्थैतिकी प्लेट सीमाओं पर कार्य करती है।



यह एक प्रमुख कारण है कि हिमालय में तीव्र अपरदन के बावजूद उत्थान की प्रक्रिया जारी है जबकि कटक के भागों के ऊँचाई में वृद्धि लगभग नियत रहती है। यह समस्थैतिकी का ही प्रभाव है।



Case Study

⑤ Airy ने सभी महाद्वीपीय प्रकोष्ठों का घनत्व एक समान माना जो अनुचित है। इस संदर्भ में Pratt का विचार है कि Larger the column lesser the density

Pret का आलोचना :-

(i) Pret ने Line of compensation की कल्पना की है जिसे एक क्षैतिज तल माना है। यह अनुचित है। भूकंपीय तरंगो से यह सिद्ध है कि पर्वतों के नीचे crust की गहराई अधिक है एवं मैदानों के नीचे कम।

Bowie ने Pret की आलोचना में लिखा कि ये जड सिद्धान्त को एवं उत्प्लावन बल दोनो को अपने मत में सम्मिलित करते हैं। क्षतिपूर्ति का तल वास्तव में जड है एवं इसकी प्राप्ति उत्प्लावन बल को दर्शाती है।

Heiskenan's Model

Heiskenan ने Airy एवं Pret के मतों का संश्लेषण किया एवं वैश्विक भूसंतुलन (global isostatic adjustment) का model विकसित किया। इनके अनुसार Greater the column lesser the density तथा Greater the column, Greater the depth occupied को माना है। इन्होंने संशोधन करते हुये यह लिखा कि गहराई के साथ घनत्व में वृद्धि होती है। अतः पर्वत के जडों को संतुलन के लिए अधिक गहराई में जाने की आवश्यकता नहीं है।

Heiskenan ने Airy के मत का ही समर्थन किया है।

वैश्विक भूसंतुलन :- जिस उच्च उच्चावचीय प्रदेशों से अपरदन होता है वहां समस्थैतिकीय उत्थान कार्य करता है। जहां निक्षेपण होता है वहां gravity के कारण भूपृष्ठ का अवतलन होता है। एवं अधःतल में Magma का प्रवाह कायम होता है उसी प्रकार जैसे - नाव के ऊपर भार रखने से जल का विस्थापन एवं उत्प्लावन शक्ति संतुलन को कायम करती है। इस प्रकार बहिर्जात शक्तियों के निरंतर अपरदन करने से तथा भूपदार्थों के नियमित

विवरण ... [illegible]



Regional Isostasy : case study - गया में भूकंप - 2010

Origin & Evolution of Earth crust



① पृथ्वी की उत्पत्ति 4.5 BY पूर्व हुई है। 2 BY के शीतलन के पश्चात प्रथम crust basaltic था जो olivine से निर्मित external rock है।

② Inhomogenous Accretion model के अनुसार प्रथम crust पृथक्कीकरण के कारण एवं घनीभूतीकरण के कारण Basalt सतह के रूप में निर्मित हुआ। Basalt प्रथम बाह्य चट्टान है।

अन्य सिद्धांत

③ catastrophic Theory के अनुसार प्रारंभिक भूपर्पटी में विनाशात्मक ज्वालामुखी उद्भेदन के कारण Basaltic lava बाहर निकला। कुछ भागों में metalliferous खनिज से युक्त magma का प्रवेश हुआ जो संघनित होकर shield के रूप में प्राप्त होते है। इनके अपरदन से platform निर्मित हुए। जो अवसादी चट्टानों से बने थे।

अवशिष्ट भाग craton के रूप में प्राप्त होता है।

इसके अतिरिक्त Terranes भी crust में प्राप्त होते हैं जो महाद्वीप के विभंजित टुकड़े हैं।

इस प्रकार crust के ~~टुकड़~~ संगठन में craton + Platform + Terrane + fold mountain प्राप्त होता है।

crust का विकास क्रम PT सिद्धान्त के विभिन्न चरणों में सिद्ध है:

Micro PT :- संवहनीय धारायें Micro convectional cell के रूप में 3my पूर्व विकसित हुई। जिससे micro plate का निर्माण एवं interaction हुआ। Basalt के क्षेपण एवं पृथक्कीकरण से महाद्वीपीय crust के पदार्थ Andisite एवं Granite बने जिन्हें micro continent कहा गया जिनके संलयन से प्रथम Pangea का निर्माण हुआ और mountain building phase Aravali बना जो 600-700my माना जा गया है।

पर्वत निर्माण ही महाद्वीपीय crust के निर्माण की मूल ~~Surge~~ प्रक्रिया है।

Surge PT :- संवहनीय धाराओं की गहराई में वृद्धि, mesoplate का निर्माण। दो पर्वत निर्माण की प्रक्रियायें क्रमशः caledonium व Hersinian तथा पुनः 300m वर्षों तक पेन्जिया II का निर्माण।

Global PT :- Alpine पर्वत निर्माण का काल तथा वृहद् स्तर संचलन संवहनीय प्रकोष्ठ वृहद् स्तर पर तथा सभी continent पुनः Pangea निर्माण की ओर। PT में यह सिद्ध है कि अपसारी सीमाओं के पास महासागरीय crust का निर्माण एवं अभिसारी सीमाओं के पास महाद्वीपीय crust का निर्माण होता है।

Applied Geomorphology :

अनुप्रयुक्त भू आकृति विज्ञान :- भू- आकृति विज्ञान के सिद्धांतों का आर्थिक लाभ, सामरिक सुरक्षा, सामाजिक, पर्यावरणीय एवं अन्य मानवीय संदर्भों में प्रयोग AG का विषय है। 1950's के बाद Thornbury ने इस शाखा को विकसित किया

AG, Land occupancy (भूमि उपयोग संबंधी समस्याओं) पर्यावरणीय एवं आपदा प्रबंधन, क्षेत्रीय विकास एवं नियोजन, संसाधनों की खोज एवं दोहन तथा मूल भौतिक प्रकृति के आर्थिक स्वरूप को वैज्ञानिक विश्लेषण करता है अर्थात Geo morpho-logy के मानवीय उपयोग जो भविष्य के आर्थिक आवश्यकताओं अथवा विकास क्रम से संबंधित है को व्याख्याकृत करता है।

Geomorphology & Resource Exploration



(आर्थिक भू विज्ञान)

Shield :- 2-3 By पूर्व Precambrian magma के भण्डार है जिसमें metalliferous खनिज प्राप्त होते है।

Brazilian shield - Fe, mg
Canadian shied - Fe, Ni
Scandinavium shield Fe, Mn
Singhbhum shield - Fe
Ural shield - Fe
Sino siberian shield - Fe, Ni, Au
Guinea sheild - Fe

यहा Heamatite लौहा मिलता है |

Placer deposite : पुरातन नदियों के निक्षेप
इसमें Gold, Tin,
(नाइजर) (मलेशिया में Kinta व Kellongvalley

कायांतरित चट्टान व खनिज :- Kimberlite - Diamond
Marbel - $CaCO_3$ का कायांतरित चट्टान

Magmatic Rock & Mineral :- ① Zn, Pb, Ag magma में Vien के रूप में प्राप्त होते हैं

② Au - यह भी Precambrian magma में viens की तरह मिलता है | Ex - Kolar mines.



पर्तदार चट्टान एवं खनिज :- Red sand stone (building stone)
$CaCO_3$, Salt rock, graphite, coal, Anthracite (कायांतरित चट्टान)

Hydro Geology

भूजल विज्ञान भूमिगत जल के गुरुत्वीय प्रवाह, संग्रहण, अवस्थिति एवं संरचनात्मक कार्यों के अतिरिक्त उनके आर्थिक महत्व एवं उपयोगिता से संबंधित भूगर्भ शास्त्र की एक शाखा है जबकि Hydrogeology में भूमिगत जल के प्रवाह एवं भूआकृतिक विकास का अध्ययन किया जाता है।



भौम जल की अवस्थिति एवं प्रकार :-

a) Soil water (मृदा जल)

i) Hygroscopic water

ii) capillary water (केशिका जल)

i) Hygroscopic water :

यह मृदा को बांधती है पर पादप वर्ग उपयोग नहीं करते।

ii) capillary water :- पादप वर्ग इस जल का उपयोग करते हैं।

b) Ground water :

i) Vadose :- असंतृप्त / मौसमी संतृप्तता का भाग जो स्थायी water table के ऊपर होता है।

ii) Phreatic :- संतृप्त भाग जो Permanent water table के नीचे होता है।

- जिन चट्टानों में भौम जल का जमाव होता है उसे Aquifer कहते है। (जलग्राहक चट्टान) इस जल का प्रवाह जिन चट्टानों के माध्यम से होता है उन्हे Acquilates कहते है।



संरचनात्मक

a) Spring का निर्माण :-



की संरचना में भूमिगत जल के द्वारा विशिष्ट स्थलाकृतियाँ विकसित हुई है।



Karst window :- clint - grike के टूटकर गिरने से ऊपर से जो गुफा दिखती है। उसे Karst window कहते है।

→ पुरानी NCERT
Class - XI Part I

आर्थिक भूजल विज्ञान के अंतर्गत
- a> Petroleum की उत्पत्ति
- b> shell oil
- c> Natural gas
- d> पेयजल
- e) सिंचाई जल

Petroleum का निर्माण रंध्रयुक्त चट्टानों के वलित भाग में होता है जो पूर्व के अंतः समुद्री अवसाद होते हैं जिनमें जैविक पदार्थ एवं जीवाश्मों का T व P की दशा में रूपान्तरण होता है।

→ Ocean bottom relief
→ Tsunami